नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

| Question Booklet No. |
|---|
| |

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 11

**SS-01-Hindi (C)**

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2026

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2026

## हिंदी (अनिवार्य)

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

5) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

## खण्ड – अ

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । **[1×12=12]**

i) कोई बड़ी खबर जो तत्काल महज कुछ शब्दों में दर्शकों तक पहुँचाई जाती है । उसे कहते हैं **[1]**

अ) स्क्रिप्ट

ब) ब्रेकिंग न्यूज़

स) एंकर बाइट

द) नेट

ii) कौन-सी विशेषता रेडियो माध्यम की नहीं है ? **[1]**

अ) यह श्रव्य माध्यम है ।

ब) इसका उपयोग विभिन्न हस्तकलाओं का काम करते समय किया जा सकता है ।

स) दृष्टि बाधितों के लिए यह उपयोगी है ।

द) श्रवण बाधितों के लिए यह उपयोगी है ।

iii) भाषा का मौलिक रूप है **[1]**

अ) मौखिक भाषा

ब) लिखित भाषा

स) काव्य भाषा

द) आलंकारिक भाषा

iv) हिंदी वाक्य रचना, संधि, समास, संज्ञा एवं सर्वनाम आदि संबंधी नियमों की जानकारी कराने वाले शास्त्र को कहते हैं **[1]**

अ) काव्यशास्त्र

ब) साहित्येतिहास

स) व्याकरण

द) भाषा का इतिहास

v) बच्चों के नग्न स्वरूप शरीर, उछलकूद, शोर-शराबे व कीचड़ करने के कारण उनसे जो चिढ़ते थे, उन्हें किस नाम से पुकारते थे ? **[1]**

अ) मेंढक-मंडली

ब) इंदर सेना

स) गंगापुत्र

द) मेघपुत्र

vi) शेर के बच्चे की उपाधि प्राप्त कर चुके पहलवान का असली नाम था **[1]**

अ) शेरा

ब) बादल सिंह

स) चाँद सिंह

द) शेर खान

vii) 'जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास ।'
पंक्ति में बच्चे की विशेषता है **[1]**

अ) वे जन्म से ही कोमल होते हैं ।

ब) वे जन्म के समय दुबले-पतले होते हैं ।

स) वे कपास में जन्म लेते हैं ।

द) वे कमज़ोर होते हैं ।

viii) 'उलझे हुए गेसुओं में कंघी करके ।' वाक्य में गेसुओं शब्द का अर्थ है **[1]**

अ) गैस

ब) आँसू

स) कपड़ा

द) बाल

ix) कवि ने अपना छोटा चौकोना खेत किसे कहा है ? **[1]**

अ) कागज़ के पन्ने को

ब) चौकोने बगीचे को

स) खेत को

द) घर को

x) 'क्योंकि यह मनुष्य की स्वाभाविक प्रेरणारुचि व आत्म-शक्ति को दबाकर उन्हें अस्वाभाविक नियमों में जकड़कर निष्क्रिय बना देती है ।' कथन किस सामाजिक बुराई के संबंध में है ? **[1]**

अ) दहेज प्रथा
ब) बाल विवाह
स) जाति-प्रथा
द) बेमेल विवाह

xi) किशन दा की मृत्यु हुई थी **[1]**

अ) जो हुआ होगा से
ब) मलेरिया से
स) दुर्घटना से
द) आत्महत्या कर ली थी

xii) 'अतीत में दबे पाँव' रचना के लेखक हैं **[1]**

अ) आनंद यादव
ब) प्रभाष जोशी
स) ओम थानवी
द) मनोहर श्याम जोशी

**2.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । **[1×6=6]**

i) 'कोकिल कंठी' गा रही है वाक्य में _____________ शब्द शक्ति है । **[1]**

ii) शब्दकोशगत अर्थ प्रकट करने वाली _____________ शब्द शक्ति होती है । **[1]**

iii) 'ओस-बिंदु चुग रही हंसिनी मोती उनको जान ।' पंक्ति में _____________ अलंकार है । **[1]**

iv) जहाँ किसी वस्तु या बात का वर्णन इतना बढ़ा-चढ़ा कर किया जाये कि लोकसीमा का उल्लंघन सा प्रतीत हो, वहाँ _____________ अलंकार होता है । **[1]**

v) BILL शब्द के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द _____________ है । **[1]**

vi) 'जनगणना' शब्द के लिए अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द _____________ है । **[1]**

**3.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए । **[1×6=6]**

राष्ट्र भाषा की आवश्यकता राष्ट्रीय सम्मान की दृष्टि से भी है । अपने को एक ही राष्ट्र के निवासी मानने वाले दो व्यक्ति किसी विदेशी भाषा में बात करें, यह हास्यास्पद असंगति है । इस बात का द्योतक भी है कि उस देश में कोई समुन्नत भाषा नहीं है । दूसरे के सामने हाथ पसारना समृद्धि का नहीं, दरिद्रता का चिह्न है । दूसरे की भाषा से काम चलाना बहुत कुछ वैसा ही है । जिसकी अपनी भाषा है, वह दूसरे की भाषा क्यों उधार लें ? इससे राष्ट्रीय सम्मान में बट्टा लगता है । विदेशों में जाने पर भी भारतीयों को अंग्रेजी में बातें करते देखकर वहाँ के निवासी आश्चर्य से पूछ बैठते हैं कि क्या आपकी कोई भाषा नहीं है ? इस प्रश्न का क्या उत्तर दिया जाय ? भाषाएँ तो हमारे यहाँ अनेक हैं – एक से एक सुंदर व समृद्ध । हीन भावना के कारण उनको नहीं अपना पाते ।

i) दूसरों के सामने हाथ फैलाना क्या दर्शाता है ? **[1]**

अ) अज्ञान

ब) दरिद्रता

स) सहयोग

द) समन्वय

ii) स्वभाषा का उपयोग न कर पाने का कारण गद्यांश में बताया है **[1]**

अ) हीनता

ब) स्वाभिमान

स) ज्ञान

द) भय

iii) गद्यांश के अनुसार एक ही देश के दो निवासी आपस में बात करने में विदेशी भाषा का प्रयोग कर क्या दर्शाते है ? **[1]**

अ) वे उच्च शिक्षित है ।

ब) उनके पास दोहरी नागरिकता है ।

स) उनके पास अपनी उन्नत भाषा नहीं है ।

द) उनके पास भाषाओं की कोई कमी नहीं है ।

iv) भाषा व्यवहार के संबंध में क्या हास्यास्पद असंगति है ? **[1]**

v) 'बट्टा लगना' का अर्थ है । **[1]**

vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । **[1]**

**4.** निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । **[1×6=6]**

ऐ मातृभूमि तेरी जय हो, सदा विजय हो ।

प्रत्येक भक्त तेरा, सुख-शांति-कांतिमय हो ।।

अज्ञान की निशा में, दुख से भरी दिशा में,

संसार के हृदय में तेरी प्रभा उदय हो ।

तेरा प्रकोप सारे जग का महाप्रलय हो ।।

तेरी प्रसन्नता ही आनंद का विषय हो ।।

वह भक्ति दे कि 'बिस्मिल' सुख में तुझे न भूले,

वह शक्ति दे कि दु:ख में कायर न यह हृदय हो ।

i) पद्यांश में किसके कांतिमय बनने की कामना की गई है ? **[1]**

अ) मातृभूमि के सुख की

ब) मातृभूमि के भक्त की

स) मातृभूमि के शांति की

द) मातृभूमि के समृद्धि की

ii) मातृभूमि के प्रकोप से संसार में क्या होने की परिकल्पना पद्यांश में की है ? [1]

अ) महाप्रलय की

ब) प्रत्येक भक्त के विजय की

स) मातृभूीम के जय की

द) अज्ञान की

iii) बिस्मिल कौन-सी भाक्ति माँगते है ? [1]

अ) दु:ख में कायर न होने की

ब) सदा सुखी रहने की

स) सुख में मातृभूमि को न भूलने की

द) सदा विजय होने की

iv) मातृभूमि से कवि कौन-सी शक्ति माँगता है ? [1]

v) पद्यांश की मूलभावना लिखिए । [1]

vi) पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । [1]

**5.** निम्नलिखित अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर **20** शब्दों में लिखिए । **[1×6=6]**

i) डॉ. भीमराव आंबेडकर के अनुसार किसी व्यक्ति की क्षमता किन कारकों पर निर्भर करती है ? [1]

ii) भक्तिन अपना असली नाम किसी को बताने में संकोच क्यों करती थी ? [1]

iii) 'स्लेट पर लाल-खड़िया चाक मल दी हो किसी ने ।' वाक्य में 'स्लेट' किसका प्रतीक है ? [1]

iv) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता किस संग्रह से ली गई है ? **[1]**

v) यशोधर बाबू को जब उनकी पत्नी द्वारा कहने पर कि आदमी को हर तरह से सोचना चाहिए पर वे क्या उत्तर देते थे ? **[1]**

vi) मुअनजो-दड़ो के सबसे खास हिस्से को गढ़ कहते हैं, उसकी विशेषता बताइए । **[1]**

## खण्ड – ब

निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर **40** शब्दों में दीजिए ।

**6.** उलटा पिरामिड शैली किसे कहते हैं ? **[2]**

**7.** विशेष लेखन के क्षेत्रों का नाम लिखिए । (कोई चार) **[2]**

**8.** कहानी की कौन-सी घटनाओं का नाट्यरूपान्तरण नहीं किया जा सकता ? लिखिए । **[2]**

**9.** बाज़ार की आसुरी शक्ति कौन बढ़ाते हैं ? बाज़ार दर्शन पाठ के आधार पर लिखिए । **[2]**

**10.** 'बात की चूड़ी मर गई ।' से क्या तात्पर्य है ? **[2]**

**11.** 'सिल्वर वैडिंग' पाठ के आधार पर पीढ़ी के अंतराल पर विचार प्रकट कीजिए । **[2]**

**12.** 'बालक आनंद को अब कवि लोग आदमी लगने लगे थे ।' इसका क्या कारण है ? **[2]**

## खण्ड – स

निम्नलिखित दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर **60** से **80** शब्दों में दीजिए ।

**13.** 'काले मेघा पानी दे' पाठ में जीजी कुमार को त्याग के बारे में क्या बातें बताती है ? लिखिए । **[3]**

**अथवा**

महादेवी भक्तिन की तुलना सेवक-धर्म में हनुमान से क्यों करती है ? अपने विचार विस्तारपूर्वक लिखिए ।

**14.** 'आत्मपरिचय' कविता में आये विरोधाभासों के सामंजस्य को लिखिए । **[3]**

**अथवा**

'बादलराग' कविता की मूल संवेदना लिखिए ।

**15.** बालक आनंद रतन यादव का चरित्र-चित्रण कीजिए । **[3]**

**अथवा**

सिंधुघाटी सभ्यता के साक्ष्यों के माध्यम से यह सिद्ध कीजिए कि हमारे पूर्वज बहुत पहले ही सुसंस्कृत हो चुके थे । विस्तार से वर्णन कीजिए ।

**16.** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' का साहित्यिक परिचय लिखिए । **[3]**

**अथवा**

'जैनेन्द्र कुमार' का साहित्यिक परिचय लिखिए ।

## खण्ड – द

**17.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **[1+3=4]**

हरषि राम भेटेउ हनुमाना । अति कृतग्य प्रभु परम सुजाना ।।
तुरत बैद तब कीन्हि उपाइ । उठि बैठे लछिमन हरषाई ।।
हृदयँ लाइ प्रभु भेंटेउ भ्राता । हरषे सकल भालु कपि ब्राता ।।
कपि पुनि बैद तहाँ पहुँचावा । जेहि बिधि तबहिं ताहि लइ आवा ।।
यह बृतांत दसानन सुनेऊ । अति विषाद पुनि पुनि सिर धुनेऊ ।।

**अथवा**

प्रात नभ था बहुत नीला शंख जैसे
भोर का नभ
राख से लीपा हुआ चौका
(अभी गीला पड़ा है)
बहुत काली सिल ज़रा से लाल केसर से
कि जैसे धुल गई हो
नील जल में या किसी की
गौर झिलमिल देह
जैसे हिल रही हो ।

**18.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **[1+3=4]**

सियारों का क्रंदन और पैचक की डरावनी आवाज़ कभी–कभी निस्तब्धता को अवश्य भंग कर देती थी । गाँव की झोंपड़ियों से कराहने और कै करने की आवाज़, 'हरे राम ! हे भगवान !' की टेर अवश्य सुनाई पड़ती थी । बच्चे भी कभी–कभी निर्बल कंठों से 'माँ–माँ' पुकारकर रो पड़ते थे । पर इससे रात्रि की निस्तब्धता में विशेष बाधा नहीं पड़ती थी ।

**अथवा**

शिरीष पुष्प केवल भौंरों के पदों का कोमल दबाव सहन कर सकता है, पक्षियों का बिल्कुल नहीं – 'पदं सहेत भ्रमरस्य पेलवं शिरीष पुष्पं न पुनः पतत्रिणाम् ।' अब मैं इतने बड़े कवि की बात का विरोध कैसे करूँ ? सिर्फ विरोध करने की हिम्मत न होती तो भी कुछ कम बुरा नहीं था, यहाँ तो इच्छा भी नहीं है ।

**19.** सहायक सचिव गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से उत्पादों पर राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने हेतु निर्धारित प्रारूप में ज्ञापन लिखिए । **[5]**

**अथवा**

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक अ, ब, स की ओर से विद्यालयों के लिए शिक्षण सहायक सामग्री खरीदने हेतु निर्धारित प्रारूप में निविदा लिखिए ।

**20.** निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए । **[5]**

अ) मेरे सपनों का भारत

ब) संयुक्त परिवार: सुखी परिवार

स) सादा जीवन उच्च विचार

द) राजस्थान में पर्यटन की संभावनाएँ

DO NOT WRITE ANYTHING HERE